Swadesh

Date: 19 February 10; Page: 02; Edition: Indore

### यूएफओ द्वारा सुविधा

# सिनेमाघरों में आईपीएल का सीधा प्रसारण १२ मार्च से

इंदौर। डिजिटल सेटेलाइट नेटवर्क यूएफओ मूवीज ने क्रिकेट मैच देखने और उसका मजा उठाने के लिए एक नया मंच उपलब्ध कराया है। क्रिकेट के मनोरंजन को बढ़ावा देने के लिए यूएफओ मूवीज अब पूरे भारत के मल्टीप्लेक्स व अन्य सिनेमाघरों में डीएलएफ आईपीएल २०१० के मैचेस विशाल परदे पर हाई डेफिनेशन डिजिटल फार्मेट में बिना कोई व्यावसायिक विज्ञापन के प्रदर्शित करेगा। ये मैचेस १२ मार्च से इंदौर के ५ सिनेमाघरों में दिखाए जाएंगे।

यह जानकारी यूएफओ मूवीज इंडिया लि. के सलाहकार चारुहास साटम ने दी। आपने बताया कि डीएलफ आईपीएल मैचेस भारत के सिनेमाघरों में दिखाने से हमें गर्व महसूस हो रहा है। १००० सिनेमाघरों में दिखाए जाने वाले मैचेस के लिए दूसरे व तीसरे श्रेणी के शहरों के मल्टीप्लेक्स व सिंगल स्क्रीन सिनेमाघरों के साथ करार किया है। डीएलएफ आईपीएल २०१० के मैचेस के दौरान कोई भी नई फिल्म रीलीज नहीं होने से प्रदर्शन के लिए मनोरंजक साधन उपलब्ध होने वाला है। इंदौर क्षेत्र में कुल २६ सिनेमाघरों ने आईपीएल २०१० के सीधे प्रसारण के लिए करार किया है, जिसमें इंदौर के आयनॉक्स सपना-संगीता, आयनॉक्स सेंट्रल मॉल हैं। रतलाम से लोकेंद्र सिनेमा, ग्वालियर से गोल्ड डिजीटेक थियेटर प्रालि व धार के शेषनाग सिनेमाघर आईपीएल २०१० के मैचेस का सीधा प्रसारण दिखाने वाले हैं। श्री साटम ने बताय कि कंपनी फोर्ड का नया मॉडल फोर्ड फिगो इस महाकुंभ का मुख्य प्रायोजक बन गया है।

आपने बताया कि सिनेमाघर दर्शकों के लिए सीजन टिकिट उपलब्ध कराएंगे। ऐसी आशा है यह एक प्रकार का क्रिकेटप्रेमियों के लिए सभी प्रकार के मैचेस सीजन में उपलब्ध किए जाने से इन क्रिकेट मैचेस का दर्शक भरपूर आनंद ले सकेंगे। कार्यक्रम का संचालन सिनेमा जॉकी संचालक के रूप में करेंगे। स्पर्धाओं के विजेता को राष्ट्रीय स्तर पर सिनेमाघरों के परदे पर दिखाया जाएगा। नामची व्यक्ति इन ४-५ दिनों तक इन सिनेमाघरों में नियमित रूप से टीम को प्रोत्साहित करने के लिए आएंगे।